कृषि महाविद्यालय
(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर)
पीथमपुरी (नीमकाथाना) 332 708 (राज.)
वेबसाइट: www.sknau.ac.in

डॉ. बी. एल. जाट
अधिष्ठाता

Mobile No.: +91-9414516628/7357105495
ईमेल- dean.coapeethampuri@sknau.ac.in

सं. प. ( )/भण्डार/कृमविपी/2024–25/1604 दिनांकः 26/09/24

सीमित निविदा सूचना

सभी ट्रैवल्स एजेंसी/बस मालिको एवं अन्य सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी (नीमकाथाना) में वर्ष 2024–25 के दौरान (31 मार्च, 2025 तक) महाविद्यालय के छात्र–छात्राओ के लिये राजस्थान के जिलो में विभिन्न कार्यक्रमों के तहत भ्रमण आयोजित किये जाने है। इन सभी भ्रमण कार्यक्रमों में छात्र–छात्राओं मय स्टाफ हेतु डीलक्स बस/साधारण बस/मिनी बस की व्यवस्था की जाने हेतु इच्छुक पंजीकृत एजेसियो/बस मालिकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहर बंद दर आधारित (Rate contract) निविदाएं दिनांक 08.10.2024 को प्रातः 11:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 08.10.2024 को ही दोपहर 12:00 बजे निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

निविदा की शर्तेः–

1. निविदादाता के पास जीएसटी सर्टिफिकेट होना आवश्यक है।
2. किराया (जी.एस.टी. सहित) की दरें प्रति किलोमीटर के हिसाब से देय होगी जिसमें डीजल, ऑयल, टोल टैक्स, मेंटनेस एवं चालक/परिचालक का समस्त प्रकार का खर्चा निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा।
3. बस/गाड़ी के समस्त कागजात पूर्ण होने चाहिए तथा वाहन चालक के पास वैध लाइसेंस होना आवश्यक है।
4. पूरे राजस्थान में भ्रमण हेतु निविदादाता द्वारा उपलब्ध कराई जाने बस/गाड़ी का आल राजस्थान का परमिट होना आवश्यक है।
5. बस में बैठने हेतु सीटें आरामदायक होनी चाहिए तथा बस में एयर ग्लास टाईट होना अनिवार्य है अर्थात् बस में किसी प्रकार की टूट फूट की आवाज नहीं आनी चाहिए ।
6. निविदा को निरस्त एवं स्वीकार करने का अद्योहस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा।
7. रास्ते में वाहन खराब होने की स्थिति में दूसरा वाहन समय पर उपलब्ध कराने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
8. निविदा का अधिकतम मूल्य निविदा वर्ष में रूपये 01.95 लाख तक होगा।
9. निविदा के लिफाफे पर वाहन आपूर्ति हेतु निविदा लिखना होगा।
10. निविदादाता को निविदा के साथ ट्रेवल एजेंसी की स्थिति में एजेंसी के लाइसेंस की प्रति, आधार कार्ड प्रति, पैन–कार्ड प्रति तथा GST नम्बर प्रमाण पत्र प्रति संलग्न करने होगें।
11. निविदादाता को आपूर्ति के पश्चात् बिल "**अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी (नीमकाथाना)**" के नाम दो प्रतियों में बनाकर पेश करना होगा।
12. निविदादाता को बिल का भुगतान कोष कार्यालय, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर से पास होने के पश्चात् ही किया जायेगा अर्थात् किसी भी प्रकार के अग्रिम भुगतान एवं ब्याज देय नहीं होगा।

अधिष्ठाता

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है

1. श्रीमान् वित्त नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. श्रीमान् प्रभारी सिमका, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर को भेजकर निवेदन है कि इस निविदा को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराने का श्रम करें।
3. निविदा/टेंडर कमेटी, कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी।
4. लेखा शाखा, कृषि महाविद्यालय, पीथमपुरी।
5. सूचना पट्ट।

अधिष्ठाता

निविदा प्रारूप

श्रीमान् अधिष्ठाता महोदय
कृषि महाविद्यालय,
पीथमपुरी (नीमकाथाना)

विषयः कृषि महाविद्यालय में छात्र छात्राओं के भ्रमण हेतु वाहन उपलब्ध कराने की निविदा हेतु।

महोदय,

आपकी महाविद्यालय की निविदा क्रमांक.. दिनांक.......................... की समस्त नियम एवं शर्तों की पालना करते हुए, मैं महाविद्यालय को निम्नलिखित दरों पर वाहन उपलब्ध कराने हेतु सहमत हूँः–

क्र.स.	वाहन का प्रकार	किराया प्रति किलोमीटर GST सहित दर (रू.)
1	डीलक्स बस मय AC (52 सीटर)	
2	साधारण बस Non AC (52 सीटर)	
3	मिनी बस Non AC (30 सीटर)	

मैंने निविदा की समस्त शर्ते पढ़ ली है तथा समस्त शर्तों को समझ लिया है जो मुझे पूर्णतः स्वीकार है।

निविदादाता के हस्ताक्षर

निविदादाता का नाम.......................................

पता.......................................

....

मो. नं. ....

बैंक विवरण.......................................

....